-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में आयोजित किया बृहद जागरुकता कार्यक्रम। जागरुकता कार्यक्रम में अतर्रा पीजी कॉलेज, हिन्दू इण्टर कॉलेज कॉलेज, ब्रह्म विज्ञान इण्टर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज अतर्रा की छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी। साथ ही कस्बा अतर्रा में निकाली गई व्यापक जाकरुकता रैली।**

विवरण- महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0 अभियान** के क्रम आज दिनांक 22.09.2025 को **थाना अतर्रा** में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की अध्यक्षता में बृहद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतर्रा पी.जी. कॉलेज, हिन्दू इंटर कॉलेज, ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अतर्रा की छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों एवं महिला हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात कस्बा अतर्रा में छात्राओं एवं पुलिसकर्मियों की सहभागिता से एक विशाल जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से महिला सुरक्षा, शिक्षा, अधिकार एवं समाज में उनके सम्मान के प्रति आमजन को प्रेरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने इस अवसर पर कहा कि मिशन शक्ति अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में चलाया जा रहा व्यापक सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा समाज में अन्य बालिकाओं को भी जागरूक करें। इस दौरान मिशन शक्ति जागरुकता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित भी किया गया, प्रशिक्षित कैडेट्स जागरुकता अभियान में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करेंगे जिसके माध्यम से अभियान को और व्यापकता प्रदान की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक श्री पीयूष पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।